01/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चार पूर्वोत्तर राज्यों-असम, मणिपुर, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से संपर्क किया है। उन्होंने मानसून की भारी वर्षा के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे क्षेत्र को पूर्ण सहयोग देने की पेशकश की है।

श्री अमित शाह ने आज राज्य के नेताओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और वादा किया कि केंद्र सरकार उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर के लोगों की हर संभव मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने श्री अमित शाह को उनकी चिंता और तत्काल सहायता की पेशकश के लिए धन्यवाद दिया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, अग्निशमन सेवा दल और स्थानीय अधिकारियों सहित बचाव दल प्रभावित लोगों की मदद के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

अधिक बारिश की संभावना को देखते हुए, अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और नुकसान को कम करने तथा राहत पहुंचाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में लगातार भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने राज्य भर के 9 जिलों वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पक्के केसांग, अंजॉ, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिरप और लोंगडिंग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अन्य 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 9 लोगों की जान जा चुकी है।

ईस्ट सियांग जिले में जलभराव के कारण मुरकोंगसेलेक-पासीघाट बीजी रेलवे ट्रैक, 4-लेन हाईवे के चल रहे निर्माण कार्य में बाधा और रुक्सिन और जामपानी क्षेत्र में सब्जी के बागान नष्ट हो गए हैं। इस बीच, भारतीय वायु सेना ने रविवार सुबह लोअर दिबांग वैली जिले में बाढ़ग्रस्त बोमजीर नदी के बीच फंसे 14 व्यक्तियों को बचाया है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य भर में लगातार मानसून की बारिश के कारण भूस्खलन के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है - जिनमें से दो गर्भवती महिलाओं और चार बच्चों सहित सात की मौत ईस्ट कामेंग जिले में और दो की मौत लोअर सुबनसिरी जिले की जीरो में हुई है। उन्होंने मृतकों के परिजनो को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

0000000000000000000000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है। कोलकाता के राजेरहाट में नए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि फोरेंसिक बुनियादी ढांचे का पुनरुद्धार इस प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल ईटानगर में सरकारी क्वार्टरों के बहुमंजिला आवासीय ब्लॉकों के सेक्टर-वार रीमॉडलिंग के चरण-I का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार ने 1980 के दशक में बने पुराने और जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को बदलने के लिए ए-सेक्टर, राजभवन रोड, ईटानगर में आधुनिक, बहुमंजिला आवासीय ब्लॉकों के निर्माण की पहल की है। ₹20 करोड़ की स्वीकृत लागत के साथ, यह परियोजना 18 टाइप-II और 18 टाइप-III 2BHज़ फ्लैट प्रदान करेगी, जो समर्पित ग्रुप-बी और सी कर्मचारियों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने कल ईटानगर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर को न्याय, ज्ञान और करुणामय शासन की एक चिरस्थायी प्रतिमूर्ति बताया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने राज्य में कौशल विकास पर भी बात की।

उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों पर निर्भरता से हटकर उद्यमिता, पर्यटन और निजी क्षेत्र के अवसरों को अपनाने की मानसिकता में बदलाव की जरूरत है।

0000000000000000000000

पन हिमालाया इनिशेएटिव 'हिमालयन क्लीनअप 2025' के 8वें संस्करण का आधिकारिक तौर पर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता जरजुम गामलिन एटे ने ईटानगर के आईजी पार्क में शुभारंभ किया। यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर द्वारा आयोजित सफाई अभियान में 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया है। यह अभियान प्लास्टिक अपशिष्ट प्रदूषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह सफाई अभियान इस महीने की 5 तारीख तक जारी रहेगा।

0000000000000000000000

पासीघाट आउटडोर स्टेडियम में खेले गए फाइनल फुटबॉल मैच में ईस्ट सियांग ने ईस्ट कामेंग को 1-0 गोल से हराकर हंगपन दादा मेमोरियल ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस बीच लड़कियों की वॉलीबॉल स्पर्धा में क्रा दादी ने अंडर-16 गर्ल्स हंगपन दादा मेमोरियल ट्रॉफी - 2025 में जीत हासिल की। लड़कों की वॉलीबॉल स्पर्धा में कामले ने फाइनल मैच में अंजॉ को हराकर विजेता बनी।

0000000000000000000000